# 6 राजस्थान में लोकदेवता

1. इतिहासकार कर्नल जेम्स टॉड के अनुसार मेहाजी का जन्म किस वंश की मांगलिया शाखा में हुआ था?
(1) गुर्जर (2) चौहान
(3) गहलोत/गुहिल (4) तँवर (3)

2. 'भाथी खत्री' किस लोकदेवता को संदर्भित करता है?
(1) हड़बूजी (2) मल्लीनाथ जी
(3) कल्ला जी (4) तेजाजी (3)

व्याख्या- लोकदेवता वीर कल्ला जी राठौड़ गुजरात में भाथी खत्री व मालवा में जुझारू वीर नायक के रूप में विख्यात है।

3. निम्न को सुमेलित कीजिए-

| (लोक देवता) | (मुख्य स्थल) |
|---|---|
| (क) हड़बू जी | I बेंगटी (फलौदी) |
| (ख) गोगाजी | II गोगामेड़ी (हनुमानगढ़) |
| (ग) मेहा जी | III बापिणी (फलौदी) |
| (घ) मल्लीनाथ | IV तिलवाड़ा (बालोतरा) |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | II | III | IV | I |
| (2) | I | II | III | IV |
| (3) | II | IV | I | III |
| (4) | III | II | IV | I |

(2)

4. किस लोक देवता की आराधना में 'माठ'/माटे' नामक वाद्ययंत्र बजाते हैं-
(1) रामदेवजी (2) तेजाजी
(3) पाबूजी (4) गोगाजी (3)

व्याख्या- रेबारी या थोरी जाति के लोगों द्वारा माठ/माटा वाद्ययंत्र के साथ पाबूजी के पवाड़े गाये जाते हैं।

5. कौनसे लोकदेवता मारवाड़ के पंचपीरों में शामिल नहीं है?
(1) रामदेवजी (2) तेजाजी
(3) पाबूजी (4) गोगाजी (2)

व्याख्या- मारवाड़ के पंच पीरों में गोगाजी, पाबूजी, मेहाजी, हड़भूजी व रामदेव जी शामिल हैं।

6. 'भूरिया बाबा' आराध्य देवता है?
(1) गोड़वाड़ के मीणाओं के (2) शेखावाटी के जाटों के
(3) वागड़ के भीलों के (4) मेवात के मेवों के (1)

व्याख्या- भूरिया बाबा/गौतमेश्वर का मुख्य मंदिर व मेला पौसलिया (शिवगंज तहसील, सिरोही) में मंदिर बना है, जो सिरोही-पाली सीमा पर सुकड़ी नदी के किनारे स्थित है। यहीं पर इनका 13 अप्रैल से 15 अप्रैल के मध्य मेला भरता है जो अरावली पर्वत शृंखला में गोड़वाड़ क्षेत्र के मीणाओं का सबसे बड़ा मेला है।

7. 'शेषनाग का अवतार' किस लोक देवता को कहते हैं ?
(1) पाबुजी (2) कल्लाजी
(3) मेहाजी (4) रामदेव जी (2)

8. किस लोकदेवता के पुत्र केसरिया कुंवर जी लोकदेवता की तरह पूजे जाते हैं?
(1) रामदेवजी (2) तेजाजी
(3) पाबूजी (4) गोगाजी (4)

9. पाबूजी को किसका अवतार माना जाता है?
(1) लक्ष्मण का (2) राम का
(3) हनुमान का (4) विष्णु का (1)

10. किस लोक देवता के मंदिर की बनावट मकबरानुमा है?
(1) रामदेव जी (2) कल्ला जी
(3) तेजाजी (4) गोगाजी (4)

व्याख्या- गोगाजी के गोगामेड़ी (हनुमानगढ़) स्थित मंदिर की बनावट मकबरेनुमा है। इस गोगामेड़ी का निर्माण फिरोजशाह तुगलक ने करवाया था तथा इसका वर्तमान स्वरूप बीकानेर महाराजा गंगासिंह ने बनवाया था।

11. निम्न में से कौनसे लोकदेवता रामदेवजी के समकालीन माने जाते हैं ?
(1) हड़भूजी (2) तेजाजी
(3) कल्ला जी (4) गोगाजी (1)

व्याख्या- हड़भू रामदेवजी के समकालीन थे, ये रामदेव जी के मौसेरे भाई थे। रामदेव जी व हड़भू जी दोनों के गुरु बालीनाथ जी थे। इनके अलावा मल्लीनाथ जी भी रामदेव जी के समकालीन थे।

12. हड़बूजी को मारवाड़ के किस शासक के समकालीन माना जाता है?
(1) राव जोधा (2) राव चूंडा
(3) राव सलखा (4) राव धूहड़ (1)

व्याख्या- हड़भू जी ने राव जोधा को मेवाड़ के अधिकार से मंडोर मुक्त कराने हेतु आशीर्वाद दिया था तथा कटार व फेंटा भेंट की। मंडोर विजय के पश्चात् राव जोधा ने कृतज्ञता स्वरूप हड़भू जी को बेंगटी गाँव भेट किया व चाखू गाँव के पास की बावनी जागीर भेंट की।

13. राजस्थान के किस लोकदेवता ने 'कुण्डा पंथ' की स्थापना की ?
(1) रामदेवजी (2) मल्लीनाथ जी
(3) मेहाजी (4) कल्ला जी (2)

व्याख्या- कुण्डा पंथ- इस वाममार्गी पंथ में साधना की विचित्र पद्धति अपनाई जाती है। इस पंथ में प्रावधान है कि कुण्डा पंथी साधु द्वारा किसी गृहस्थ को पंथ में दीक्षित करना जरूरी होता है तभी उनकी मृत्यु के बाद उसकी आत्मा को शांति मिलती है नहीं तो उसकी आत्मा भटकती रहती है।

14. वीर तेजाजी का जन्म कहाँ हुआ?
(1) पीपासर (नागौर) (2) परबतसर (डीडवाना-कुचामन)
(3) खड़नाल (नागौर) (4) कतरियासर (बीकानेर) (3)

15. कौनसे लोक देवता को 'पीरों का पीर' कहा गया है?
(1) रामदेवजी (2) कल्लाजी
(3) हड़बुजी (4) गोगाजी (1)

व्याख्या– रामदेव जी ने पंच पीपली नामक स्थान पर मक्का से आए पांच पीरों को परचा दिया था। मक्का से आए पांच पीरों ने जब रामदेव जी की परीक्षा लेनी चाही, तब रामदेव जी ने उनको मक्का में ही भूल आए कटोरों में ही भोजन करवाया, तब इन पीरों ने रामदेव जी को पीरों का पीर कहा।

**16. कौनसे लोकदेवता 'ओरण के देवता' के नाम से जाने जाते हैं ?**
(1) भूरिया बाबा (2) फत्ताजी
(3) देवनारायणजी (4) तल्लीनाथ जी (4)

**17. गोगाजी के गोगामेड़ी (नोहर) में लगने वाले मेले की भारतीय तिथिक्रम के अनुसार महीना और तिथि है–**
(1) चैत्र कृष्ण नवमी (2) भाद्रपद शुक्ल नवमी
(3) चैत्र शुक्ल नवमी (4) भाद्रपद कृष्ण नवमी (4)

**18. लोकदेवता इलोजी की सर्वाधिक मान्यता किस इलाके में है ?**
(1) शेखावाटी (2) मारवाड़
(3) हाड़ौती (4) ढूंढाड़ (2)

व्याख्या– इलोजी मारवाड़ में छेड़छाड़ के लोक देवता है। इनकी सर्वाधिक मान्यता मारवाड़ क्षेत्र में है। ये राजा हिरण्यकश्यप के बहनोई व होलिका के होने वाले पति थे।

**19. तेरहताली नृत्य के लिए प्रसिद्ध है–**
(1) गोगा मेला (2) तेजा मेला
(3) रामदेवरा मेला (4) लक्खी मेला (3)

व्याख्या– रामेदव जी के मेले का मुख्य आकर्षण तेरहताली नृत्य होता है। मेले के अवसर पर कामड़ जाति की महिलाओं द्वारा यह नृत्य किया जाता है। यह बैठकर किया जाने वाला एकमात्र लोकनृत्य है।

**20. निम्नलिखित युग्मों को सही सुमेलित कीजिये–**

| उपनाम | लोकदेवता |
|---|---|
| (क) चार हाथों वाले लोक देवता | 1. तेजाजी |
| (ख) काला और बाला के देवता | 2. कल्ला जी |
| (ग) ऊँटों के देवता | 3. गोगा जी |
| (घ) जाहर पीर | 4. भोमिया जी |
| (ड.) भूमि रक्षक देवता | 5. पाबुजी |

| | क | ख | ग | घ | ड. |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 |
| (2) | 2 | 1 | 5 | 3 | 4 |
| (3) | 2 | 5 | 1 | 3 | 4 |
| (4) | 2 | 4 | 3 | 1 | 5 |

(2)

**21. निम्न को सुमेलित कीजिये–**

| घोड़े का नाम | लोकदेवता |
|---|---|
| (क) लीलण | 1. देवजी |
| (ख) केसर कालमी | 2. तेजाजी |
| (ग) किरड़ काबरा | 3. मेहाजी |
| (घ) लीलागर | 4. पाबु जी |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (2) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (3) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (4) | 2 | 1 | 3 | 4 |

(2)

**22. देवनारायणजी का मुख्य मन्दिर कहाँ अवस्थित है?**
(1) ब्यावर (2) चितौड़
(3) नगला जहाज (4) आसीन्द (4)

व्याख्या– देवनारायण जी का जन्म गौठ दड़ावता (आसीन्द, भीलवाड़ा) के पास मालासरी के जंगलों में 1243 ई. में माघ शुक्ल षष्ठी को हुआ था। इनका मुख्य मंदिर सवाई भोज का मंदिर आसीन्द (भीलवाड़ा) में स्थित है।

**23. कामड़िया पंथ के संस्थापक कौन थे?**
(1) रामदेवजी (2) गोगाजी
(3) देवनारायण (4) कल्लाजी (1)

व्याख्या– रामदेव जी द्वारा कामड़िया पंथ की स्थापना की गई। इस पंथ के अनुयायियों द्वारा रामदेव जी के मेले में तेरहताली नृत्य प्रस्तुत किया जाता है।

**24. किस लोक देवता की पत्नी उनकी मृत्यु के बाद सती हो गई?**
(1) रामदेव जी (2) गोगाजी
(3) तेजाजी (4) मल्लीनाथ जी (3)

**25. 'गोगाजी रसावला' के लेखक हैं?**
(1) बिठू मेहा (2) बिठू सूजा
(3) रामनाथ कविया (4) आशिया मोडजी (1)

**26. कौन सा युग्म गलत सुम्मेलित है–**

| (लोकदेवता) | (मुख्य मंदिर) |
|---|---|
| (1) पाबूजी | – कोलू |
| (2) तेजाजी | – परबतसर |
| (3) मल्लीनाथजी | – गागरोण |
| (4) रामदेवजी | – रामदेवरा |

(3)

व्याख्या– मल्लीनाथ जी का मुख्य मंदिर तिलवाड़ा (बालोतरा) में लूनी नदी किनारे स्थित है।

**27. 'नेजा' से आशय है–**
(1) तेजाजी का मंदिर (2) पाबूजी का मेला
(3) गोगाजी का भाला (4) रामदेवजी की ध्वजा (4)

**28. राजस्थान के वह लोक देवता, जिन्होंने जीवित समाधि ली थी?**
(1) मेहाजी (2) रामदेवजी
(3) कल्लाजी (4) पाबूजी (2)


व्याख्या– रामदेव जी ने भाद्रपद शुक्ल एकादशी के दिन रूणेचा में रामसरोवर की पाल पर समाधि ली थी, इनसे एक दिन पहले इनकी मुँहबोली बहन डालीबाई ने समाधि ली थी।


**29. किस लोकदेवता के गीत छावली कहलाते हैं?**
(1) गोगाजी (2) पाबूजी
(3) रामदेवजी (4) हड़बूजी (1)


**30. लोकदेवता गोगाजी की जन्मस्थली है?**
(1) बागौडा (सांचौर) (2) गोगामेड़ी (हनुमानगढ़)
(3) ददरेवा (चुरू) (4) खड़नाल (नागौर) (3)

व्याख्या– गोगाजी का जन्म ददरेवा (चुरू) में विक्रम संवत् 1003 (946 ई.) में भाद्रपद कृष्ण नवमी को हुआ था। गोगाजी को साँपों के देवता/जाहरपीर/गोगापीर/नागराज भी कहते है।

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –




टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।